(आयोग की वेबसाइट (https://ssc.gov.in) पर दिनांक 05.06.2026 को अपलोड किए जाने हेतु)

भारत सरकार,
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग,
कर्मचारी चयन आयोग,
ब्लॉक सं-12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली -110003.

Government of India,
Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions,
Department of Personnel and Training,
Staff Selection Commission,
Block No. 12, CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi – 110003.

---

# विज्ञप्ति

## वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2025

| | |
|---|---|
| **ऑनलाईन आवेदन जमा करने की तिथि** | **05.06.2026 से 26.06.2026 तक** |
| **ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय** | **26.06.2026 (2300 बजे)** |
| **कंप्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन** | **जुलाई-अगस्त-2026** |

**सं. 4/1/2026-गो.-5:** कर्मचारी चयन आयोग निम्नलिखित सेवाओं/संवर्गों के वरिष्ठ सचिवालय सहायक/ प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड [वेतन स्तर-4 समूह 'ग' अराजपत्रित (रु 25500 - रु 81100)] के पदों की चयन सूची में परिवर्धन करने के लिए (रिक्तियों के उपलब्ध होने के अध्यधीन) संभावित रूप से जुलाई-अगस्त 2026 माह में दिल्ली एनसीआर में एक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन करेगा :

| क्रम सं. | संवर्ग/सेवा का नाम |
|---|---|
| 1 | केंद्रीय पासपोर्ट संगठन, विदेश मंत्रालय |
| 2 | सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिकीय सेवा |
| 3 | रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा, रेल मंत्रालय |
| 4 | केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण |
| 5 | केन्द्रीय सतर्कता आयोग |
| 6 | भारत निर्वाचन आयोग |
| 7 | भारतीय वन सर्वेक्षण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय |
| 8 | राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन |
| 9 | महानिदेशालय, रक्षा संपदा |
| 10 | विकास आयुक्त का कार्यालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय |

2. **रिक्तियां**: उपर्युक्त सेवाओं/संवर्गों के संबंध में भर्ती वर्ष 2025 के लिए अनंतिम रिक्तियों का विवरण, जैसा कि उनके संबंधित सेवा/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों (सीसीए) द्वारा रिपोर्ट किया गया है, निम्नानुसार हैं:-

| **क्र.सं.** | **सेवा/ संवर्ग का नाम** | **अना** | **अजा** | **अजजा** | **योग** | **बे.दि.** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय पासपोर्ट संगठन, विदेश मंत्रालय | 46 | 19 | 11 | **76** | 04 |
| 2. | सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिकीय सेवा | 31 | 07 | 04 | **42** | 03 (दृ.दि., श्र.दि. एवं अ.दि.) |
| 3 | रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा | 13 | 04 | 02 | **19** | 03 दिव्या. (2नेत्रहीन/अल्प दृष्टि, 01 बधिर/ श्र.दि.)<br><br>[1 नेत्रहीन/अल्प दृष्टि, 01 बधिर/ श्र.दि., यदि संबंधित श्रेणी उपलब्ध नहीं हैं तो इसे अन्य उपलब्ध पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के साथ परिवर्तित किया जा सकता है] |
| 4 | केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण | 15 | 06 | 03 | **24** | 02 (01-अ.दि., 01- दृ.दि.) |
| 5 | केन्द्रीय सतर्कता आयोग | 05 | 01 | - | **06** | 01 (कोई भी श्रेणी) |
| 6 | भारतीय निर्वाचन आयोग | 09 | 02 | 01 | **12** | 01 (अना- अ.दि.) |
| 7 | भारत वन सर्वेक्षण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | 03 | 01 | - | **04** | - |
| 8 | राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन | 07 | 01 | - | **08** | - |
| 9 | महानिदेशालय, रक्षा संपदा | 07 | 01 | - | **08** | - |
| 10 | विकास आयुक्त का कार्यालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | 22 | 04 | 02 | **28** | 01 (दृ.दि.) |

3. आयोग परीक्षा-स्थल (स्थलों), केंद्र (केंद्रों), तिथि और समय को अपने विवेककाधिकार का प्रयोग करते हुए बदल सकता है। यदि परिस्थितिवश आवश्यक हो तो आयोग किसी अभ्यर्थी को एक अलग केंद्र आवंटित कर सकता है। परीक्षा की तिथि में कोई भी बदलाव, यदि कोई हो, तो उसे क.च.आ.(मु.) (https://ssc.gov.in) / क.च.आ.-उ.क्षे. (https://sscnr.nic.in) की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**टिप्पणी-I:- अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि किसी भी परिस्थिति में केंद्र परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**टिप्पणी -II: -यदि कोई अभ्यर्थी प्रवेश प्रमाणपत्र में आयोग द्वारा निर्दिष्ट केंद्र के अलावा किसी अन्य केंद्र पर परीक्षा में उपस्थित होता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों के प्रश्न पत्रों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।**

4. अनुसूचित जाति(अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा) और बेंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) अभ्यर्थियों के लिए पदों का आरक्षण सेवा/ संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों (सीसीए) द्वारा रिपोर्ट की गई संबंधित श्रेणियों में रिक्ति स्थिति के अनुसार होगा।

5. इस विज्ञप्ति के प्रत्युत्तर में आवेदन करने के इच्छुक सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने नई वेबसाइट (https://ssc.gov.in) पर अपना एक बारगी पंजीकरण (ओटीआर) नहीं किया है, उन्हें पंजीकरण करना होगा क्योंकि पुरानी वेबसाइट (https://ssc.nic.in) पर बनाया गया ओटीआर नई वेबसाइट पर मान्य नहीं होगा। ओटीआर पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थी परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भर सकते हैं। नई वेबसाइट पर ओटीआर बन जाने के बाद, यह नई वेबसाइट पर आवेदन की जाने वाली सभी परीक्षाओं के लिए मान्य रहेगा।

6. परीक्षा में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट अर्थात https://ssc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को दो भागों में विभाजित किया गया है :-

**i. एक बारगी पंजीकरण**
**ii. परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरना ।**

7. अभ्यर्थियों को इस विज्ञप्ति के प्रत्युत्तर में केवल एक आवेदन पत्र जमा करना चाहिए। एक से अधिक आवेदन जमा करने पर अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

8. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ओटीआर प्रक्रिया को पूरा करते समय, आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित आधार नीतियों के अनुसार आधार-आधारित प्रमाणीकरण का विकल्प चुनें।

9. ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरा होने के बाद, उसकी प्रिंट प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ, जो सभी प्रकार से पूर्ण हो, "अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश" **(अनुबंध- I)** के अनुसार उनकी संबंधित सेवा/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा विधिवत रूप से **"क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी चयन आयोग (उत्तरी क्षेत्र), ब्लॉक नंबर 12, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003" को अग्रेषित की जानी चाहिए जो दिनांक 03.07.2026 (1800 बजे) तक पहुंच जाए ।**

10. विदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में रहने वाले अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ, जो सभी प्रकार से पूर्ण हो, "अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश" **(अनुबंध- I)** के अनुसार उनके संबंधित सेवा/कैडर नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा विधिवत रूप से **"क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी चयन आयोग (उत्तरी क्षेत्र), ब्लॉक नंबर 12, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003" को अग्रेषित किया जाना चाहिए जो दिनांक 10.07.2026 (1800 बजे) तक पहुंच जाए ।**

**टिप्पणी-I :-** केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए इस परीक्षा में प्रवेश हेतु विचार किया जाएगा जिनका आवेदन उनके विभागाध्यक्ष/कार्यालय प्रमुख द्वारा अग्रेषित किया गया हो । इसके अतिरिक्त, वे यह भी ध्यान रखें कि आयोग उनके आवेदन प्राप्त न होने या आवेदन देरी से प्राप्त होने की दशा में किसी भी प्रकार जिम्मेदार नहीं होगा। आयोग में उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदन (आवेदनों) को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को, उनके हित में, यह सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि उनके आवेदनों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित और पृष्ठांकित किया गया है और उनके विभागाध्यक्ष या कार्यालय प्रमुख द्वारा इस प्रकार से अग्रेषित किया गया है कि उनके आवेदन निर्धारित अंतिम तिथि और समय से काफी पहले पहुंच जाएं।

**टिप्पणी-II:-** आवेदकों के विभागाध्यक्ष/कार्यालय प्रमुख को सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र इस प्रकार अग्रेषित करना होगा कि वे निर्धारित तिथि और समय तक कर्मचारी चयन आयोग के उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंच जाएं।

**टिप्पणी-III:-** अभ्यर्थी(अभ्यर्थियों) के आवेदन अग्रेषित करते समय, **संबंधित प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी(अभ्यर्थियों) की मूल सेवा/संवर्ग इस परीक्षा के अंतर्गत भाग लेने वाली सेवा(सेवाओं)/ संवर्ग(संवर्गों) में से एक है और अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्रता शर्तों को पूरा कर रहा है ।**

11. इस परीक्षा से संबंधित सभी पत्राचार **क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी चयन आयोग (उत्तरी क्षेत्र), ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003** को संबोधित किए जाने चाहिए और उनमें निम्नलिखित विवरण होने चाहिए : -

(i) परीक्षा का नाम और वर्ष
(ii) अभ्यर्थी का नाम (पूर्ण और बड़े अक्षरों में)
(iii) अभ्यर्थी के पिता/पति का नाम
(iv) रोल नंबर या जन्म तिथि (यदि अभ्यर्थी को रोल नंबर प्राप्त नहीं हुआ है)
(v) डाक पता जैसा कि आवेदन में दिया गया है

12. उपरोक्त पैरा-11 में यथा-वर्णित विवरण से रहित पत्राचार पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस परीक्षा से संबंधित कर्मचारी चयन आयोग के साथ सभी पत्राचार में, अभ्यर्थियों को अपने लिफाफों पर ऊपर निरपवाद रूप से शब्दों व अंकों में **"वरिष्ठ सचिवालय सहायक / प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2025"** अवश्य लिखना चाहिए।

अवर सचिव
कर्मचारी चयन आयोग (मु.)

## अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश

**1.** परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्रता संबंधी सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों जैसे; कंप्यूटर आधारित परीक्षा, लिखित परीक्षा और सेवा रिकॉर्ड का मूल्यांकन के लिए उन्हें आयोग द्वारा दिया गया प्रवेश विशुद्ध रूप से अनंतिम होगा बशर्ते कि वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। यदि सत्यापन के दौरान, कंप्यूटर आधारित परीक्षा, लिखित परीक्षा और सेवा रिकॉर्ड के मूल्यांकन से पहले या बाद में, यह पाया जाता है कि वे पात्रता संबंधी शर्तों में से किसी को पूरा नहीं करते हैं, तो परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी।

**2.** ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पहले, अभ्यर्थियों को परीक्षा की सूचना को ध्यान से पढ़ना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे आवेदन किए गए पद के लिए पात्रता संबंधी सभी शर्तों को पूरा करते हैं। किसी भी परिस्थिति में नोटिस में निर्धारित शर्तों में कोई छूट नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को **अनुबंध-IV (एकबारगी पंजीकरण)** और **अनुबंध-V (ऑनलाइन आवेदन पत्र)** के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अभ्यर्थियों को दिए गए अनुदेशों को पढ़ना चाहिए।

**3.** इस विज्ञप्ति के प्रत्युत्तर में आवेदन करने के इच्छुक सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने नई वेबसाइट (https://ssc.gov.in) पर अपना एक बारगी पंजीकरण (ओटीआर) नहीं किया है, उन्हें पंजीकरण करना होगा क्योंकि पुरानी वेबसाइट (https://ssc.nic.in) पर बनाया गया ओटीआर नई वेबसाइट पर मान्य नहीं होगा। ओटीआर पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थी परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भर सकते हैं। नई वेबसाइट (https://ssc.gov.in) पर ओटीआर बन जाने के बाद, यह नई वेबसाइट पर आवेदन की जाने वाली सभी परीक्षाओं के लिए मान्य रहेगा। इस विज्ञप्ति के **अनुबंध-IV** में ओटीआर हेतु विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

**4.** आवेदन पत्र केवल एसएससी (मुख्यालय) की वेबसाइट (https://ssc.gov.in) पर ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किया जाना चाहिए। विस्तृत निर्देशों के लिए, कृपया इस विज्ञप्ति के **अनुबंध-IV** और **अनुबंध-V** को देखें। एक बारगी पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन पत्र के नमूने प्रपत्र **अनुबंध-IVक** और **अनुबंध-Vक** के रूप में संलग्न हैं।

**5.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ओटीआर प्रक्रिया को पूरा करते समय आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित आधार नीतियों के अनुसार आधार आधारित प्रमाणीकरण का विकल्प चुनें।

**6.** आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी के पास अपनी पहले से मौजूद फोटो होना आवश्यक नहीं है। एप्लिकेशन माड्यूल को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने वाले अभ्यर्थी की फोटो खींचने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रयोजन के लिए, अभ्यर्थी को एप्लिकेशन मॉड्यूल द्वारा संकेत दिए जाने पर कैमरे के सामने खड़ा होना/बैठना होगा और लाइव फोटो खींचते समय निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना होगा:

**क. अच्छी रोशनी और सादी पृष्ठभूमि वाला स्थान चुनें।**
**ख. फोटो लेने से पहले सुनिश्चित करें कि कैमरा आंखों के स्तर पर है।**
**ग. अपने आप को सीधे कैमरे के सामने रखें और सीधे सामने देखें।**

**घ. सुनिश्चित करें कि आपका चेहरा कैमरे द्वारा चित्रित लाल आयताकार क्षेत्र के अंदर पूरी तरह से है और यह न तो बहुत करीब है और न ही बहुत दूर है। इसे क्षेत्र को पूरी तरह से कवर करना चाहिए और चेहरे का कोई भी हिस्सा आयत के बाहर नहीं होना चाहिए।**

**ङ. अभ्यर्थियों को फोटो लेते समय टोपी, मास्क या धूप का चश्मा/नज़र का चश्मा नहीं पहनना चाहिए।**

**7.** **अभ्यर्थियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि खींची गई फोटो स्पष्ट हो, चश्मे या टोपी के बिना हो और सामने का भाग दिखाई दे रहा हो ।** ऐसी फोटो वाले ऑनलाइन आवेदन पत्र जिसमे निर्देशों के अनुसार नहीं खींची गई है, अस्वीकृत किए जा सकते हैं। किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को अपनी पहले से मौजूद तस्वीर की फोटो नहीं खींचनी चाहिए । ऐसी सभी ऑनलाइन आवेदन पत्र, जिनमें अभ्यर्थी की पहले से मौजूद तस्वीर की फोटो खींची गई हो, सरसरी तौर पर रद्द कर दिए जाएंगे ।

**8.** **परीक्षा के दौरान लोगो द्वारा अभ्यर्थियों के प्रतिरूपण का प्रयास करने के मामले सामने आए हैं। इसलिए, परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों का स्वरूप आवेदन पत्र के साथ जमा की गई फोटो से बिल्कुल मेल खाना चाहिए। परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों को यह अधिकार दिया गया है कि वे किसी भी संदिग्ध अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति न दें। अतः अभ्यर्थियों को अपने हित में यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि परीक्षा के दिन उनका स्वरूप आवेदन पत्र में दी गई तस्वीर के अनुसार ही हो।**

**9.** अभ्यर्थी को जेपीईजी प्रारूप (10 से 20 केबी) में स्कैन किए गए अपने हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे । हस्ताक्षर की छवि का आयाम लगभग 6.0 सेमी (चौड़ाई) X 2.0 सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए । अनुपयुक्त फोटो युक्त अथवा धुंधले/लघु हस्ताक्षर वाले और उपर्युक्त आवश्यकताओं को पूरा न करने वाले आवेदनपत्रों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा ।

**10.** अभ्यर्थियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र, उपस्थिति पत्र, परीक्षा हॉल में आयोग की प्रति और आयोग के साथ सभी पत्राचार में किए गए हस्ताक्षर एक समान हों और उनमें किसी भी प्रकार का अंतर न हो। यदि हस्ताक्षरों में कोई अंतर पाया जाता है, तो आयोग द्वारा उनकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है ।

**11.** **अभ्यर्थी को अपने आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगे:**

(i) सेवा पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ की प्रमाणित प्रति जोकि उस विभाग के प्रमुख या कार्यालय के प्रमुख द्वारा विधिवत सत्यापित की गई हो जिसमें अभ्यर्थी आवेदन करते समय सेवारत है और जिसमें सरकारी कर्मचारी के विवरण *अर्थात* अभ्यर्थी का पूरा नाम, उसके पिता का नाम, विवाहित सरकारी सेवारत महिलाओं के मामले में पति का नाम, राष्ट्रीयता, अनुसूचित जाति / जनजाति का नाम, यदि अभ्यर्थी ऐसी जाति या जनजाति से संबंधित हो, ईसा-वर्ष में जन्म-तिथि (अंकों व शब्दों, दोनों में), दर्शाया गया हो ।

(ii) आवेदन करते समय जहां वह कार्यरत है, उस कार्यालय के विभागाध्यक्ष या कार्यालय प्रमुख द्वारा अनुप्रमाणित सेवा संबंधी विवरणों की सत्यप्रतिलिपि जिसमें वेतनमान और कार्य क्षमता अर्थात पद-स्थिति, यथा- मूल, स्थानापन्न, स्थायी या अस्थायी सहित धारित पद दर्शाया गया हो ।

(iii) आवश्यक शैक्षिक अर्हता प्रमाण-पत्र की प्रति, यदि लागू हो।

(iv) सेवा में रहते हुए दिव्यांग रक्षा कार्मिकों के लिए प्रमाण पत्र का प्रपत्र, जहां भी लागू हो।

(v) बेंचमार्क दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के मामले में दिव्यांगता का प्रमाण पत्र।

**टिप्पणी -** कर्मचारी चयन आयोग यदि आवश्यक समझे तो सेवा पंजिका या अन्य दस्तावेजी प्रमाण मांग सकता है।

**12**. अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि यदि कोई आवेदन अधूरा है या गलत तरीके से भरा गया है या उपरोक्त पैरा 11 के तहत उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेज के बिना है, तो आवेदनपत्र को अस्वीकार कर दिया जाएगा और इसकी अस्वीकृति के विरूद्ध किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

**13. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय दिनांक 26.06.2026 (2300 बजे तक) है।**

**14.** अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन जमा कर दें और अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें, ताकि अंतिम दिनों में वेबसाइट पर अत्यधिक व्यस्तता के कारण एसएससी की वेबसाइट पर लॉगिन करने में असमर्थता या विफलता की संभावना से बचा जा सके। उपर्युक्त कारणों या आयोग के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से, अभ्यर्थी द्वारा अंतिम तिथि तक आवेदन जमा न कर पाने की स्थिति में, आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।

**15.** अभ्यर्थियों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आयोग द्वारा किसी भी परिस्थिति में किसी भी स्तर पर ऑनलाइन आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों में किसी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**16.** ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले, अभ्यर्थियों को पूर्वावलोकन/ प्रिंट विकल्प के माध्यम से यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उन्होंने आवेदन पत्र के प्रत्येक भाग में सही जानकारी भरी है। उन्हें यह भी जांच कर लेनी चाहिए कि फोटो और हस्ताक्षर उपरोक्त सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन की एक प्रति अपने पास रखने की सलाह दी जाती है।

**17.** अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय को उन्हें कोई भी गलत/त्रुटिपूर्ण /भ्रामक सूचना नहीं देनी चाहिए या किसी महत्वपूर्ण जानकारी को नहीं छिपाना चाहिए।

**18.** आयोग परीक्षा के समय, पात्रता और अन्य पहलुओं हेतु ऑनलाइन आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा, इसलिए अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता केवल अनंतिम रूप से स्वीकार की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पात्रता मानदंडों की आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सुनिश्चित कर लें कि वे पद(पदों) के लिए पात्र हैं।

**19.** वे सभी अभ्यर्थी जो इस परीक्षा की विज्ञप्ति के प्रत्युत्तर में निर्धारित तिथि व समय तक पंजीकरण और आवेदन करते हैं और जिनके आवेदन इस परीक्षा की विज्ञप्ति के नियमों और शर्तों के अनुसार आयोग द्वारा अनंतिम रूप से स्वीकृत किए जाते हैं, उन्हें अनुक्रमांक आवंटित किए जाएंगे और कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बैठने हेतु प्रवेश प्रमाण पत्र (एसी) जारी किए जाएंगे।

**20.** कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रवेश प्रमाणपत्र आयोग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। परीक्षा के किसी भी चरण हेतु प्रवेश प्रमाणपत्र डाक द्वारा जारी नहीं किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से संबंधित किसी भी अपडेट और जानकारी के लिए आयोग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

**21.** अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षा का आयोजन केवल **दिल्ली-एनसीआर** में ही किया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा से संबंधित जानकारी, जिसमें समय सारिणी और परीक्षा केंद्र का विवरण शामिल होगा, परीक्षा की तिथि से लगभग 10 दिन पहले आयोग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट अर्थात https://sscnr.nic.in पर अपलोड कर दी जाएगी। यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा की तिथि से एक सप्ताह पहले तक, आयोग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट पर अपना विवरण नहीं मिलता है, तो उसे आवेदन जमा करने के प्रमाण के साथ तुरंत आयोग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करना चाहिए जिसमे विफल होने पर परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता पर विचार किए जाने के किसी भी दावे से उन्हें वंचित कर दिया जाएगा । प्रवेश प्रमाणपत्र डाउनलोड करने की सुविधा क.च.आ. (उत्तरी क्षेत्र) की वेबसाइट पर परीक्षा से 3-4 दिन पहले उपलब्ध होगी।

**टिप्पणी:-** अभ्यर्थियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि विदेश में स्थित किसी भी भारतीय दूतावास में कोई परीक्षा केंद्र नहीं होगा। विदेश में स्थित किसी भारतीय दूतावास में कार्यरत अभ्यर्थी को यह परीक्षा भारत में अपने खर्च पर देनी होगी।

**22.** आयोग किसी भी केंद्र को रद्द करने और उस केंद्र के अभ्यर्थियों को किसी अन्य केंद्र पर परीक्षा देने के लिए कहने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आयोग किसी भी केंद्र के अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए किसी अन्य केंद्र पर भेजने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

**23.** परीक्षा में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए सरकारी कर्मचारी के नियोक्ता द्वारा जारी किया गया विभागीय पहचान पत्र (मूल) और प्रवेश प्रमाणपत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को कर्मचारी चयन आयोग से कोई यात्रा भत्ता प्राप्त करने का अधिकार नहीं है।

**24.** जिन अभ्यर्थियों ने ओटीआर के दौरान आधार आधारित प्रमाणीकरण नहीं किया है, उन्हें परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचना होगा और अनिवार्य रूप से कम से कम दो पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो और प्रवेश प्रमाणपत्र पर छपी जन्मतिथि वाला मूल वैध फोटो-पहचान पत्र साथ लाना होगा; अन्यथा उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, जैसे कि:

24.1 मतदाता पहचान पत्र
24.2 ड्राइविंग लाइसेंस
24.3 पैन कार्ड
24.4 पासपोर्ट
24.5 स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र
24.6 नियोक्ता पहचान पत्र (सरकारी/पीएसयू)
24.7 रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक कार्यमुक्ति पुस्तिका ।
24.8 राज्य/केंद्र सरकार द्वारा जारी कोई अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र ।

**25**. यदि फोटो पहचान पत्र में जन्म तिथि अंकित नहीं है तो अभ्यर्थी को अपनी जन्म-तिथि के साक्ष्य के रूप में एक अतिरिक्त मूल दस्तावेज़ (अर्थात सीबीएसई/ आईसीएसई/ राज्य बोर्ड द्वारा जारी मैट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र, अंक सूची (मार्क्सशीट), जन्म प्रमाणपत्र, श्रेणी प्रमाणपत्र आदि) अवश्य लाना चाहिए। यदि प्रवेश प्रमाण-पत्र और जन्म-तिथि के प्रमाण के रूप में लाए गए फोटो पहचान-पत्र / प्रमाण पत्र में उल्लिखित जन्म-तिथि मेल नहीं खाती है तो अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएग। तथापि, आधार आधारित प्रमाणीकृत अभ्यर्थियों के लिए यह शर्त लागू नहीं है ।

**26.** **पैरा 36 (क), 36 (ख), 36 (ग) के अनुसार** प्रलिपिक/तकनीक/ सहायक डिवाइस की सुविधा का लाभ उठाने वाले दिव्यांग /बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी जैसाकि इसमें निर्दिष्ट है, चिकित्सा प्रमाण पत्र/वचन पत्र/ प्रलिपिक के फोटो पहचान पत्र की फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य होगा। चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**27.** अभ्यर्थियों को परीक्षा में उपस्थित होने के समय प्रवेश प्रमाण पत्र में उल्लिखित अन्य दस्तावेज भी साथ लाना होगा।

**28.** कर्मचारी चयन आयोग प्रयोक्ता मंत्रालयों/ विभागों/ संगठनों द्वारा सूचित रिक्तियों के अनुसार कर्मियों की भर्ती करता है। प्रयोक्ता मंत्रालय/ विभाग/ संगठन में उत्पन्न होने वाली कुल रिक्तियों (ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज), बैकलॉग रिक्तियों, विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के तहत रिक्तियों के पृथक्करण और भरी जाने वाली रिक्तियों के निर्धारण में आयोग की कोई भूमिका नहीं है।

**29.** **परीक्षा के लिए नियम:-**

कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वर्ष 2025 के लिए आयोजित की जाने वाली सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के नियम, जो अधिसूचना के पैरा 1 में उल्लिखित विभाग/संवर्ग के वरिष्ठ सचिवालय सहायक/ प्रवर श्रेणी लिपिक के चयन सूची में शामिल होने के लिए है, सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

**30.** **निर्णायक तिथि और पात्रता की शर्तें :-**

| क्र. सं. | सेवाओं/ संवर्गों का नाम | मान्य सेवा की गणना के लिए निर्णायक तिथि | पात्रता की शर्तें |
|---|---|---|---|
| 1 | केंद्रीय पासपोर्ट संगठन, विदेश मंत्रालय | **जुलाई का पहला दिन (01.07.2025)** | कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक पद के लिए, नियमित नियुक्ति के बाद इस ग्रेड में **6 वर्ष की सेवा** पूरी कर चुके अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **स्नातक की डिग्री** या उसके समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। |
| 2 | सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिकीय सेवा | **जुलाई का पहला दिन (01.07.2025)** | निर्णायक तिथि पर उसकी जेएसए ग्रेड में कम से कम **पांच वर्ष** की मान्य और निरंतर सेवा होनी चाहिए<br><br>बशर्ते कि यदि वह सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम पर कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड में नियुक्त किया गया हो, तो ऐसी परीक्षा का परिणाम निर्णायक तिथि से कम से कम **पांच** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | **वर्ष** पहले घोषित होना चाहिए और उसकी उस ग्रेड में कम से कम **चार वर्ष** की मान्य और निरंतर सेवा होनी चाहिए।<br><br>**नोट:** कनिष्ठ सचिवालय सहायक जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से गैर-संवर्ग पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं और वे जो सेवा के कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड में लियन अधिकार रखते हैं, यदि अन्यथा पात्र हैं, तो परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। |
| 3 | रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा, रेल मंत्रालय | **अगस्त, 2025 का पहला दिन (01.08.2025)** | (1) सेवा का कोई भी स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थाई अवर श्रेणी लिपिक/ कनिष्ठ सचिवालय सहायक जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करता है, परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होगा: -<br><br>**(क) <u>सेवावधि</u>** – निर्णायक तिथि पर सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में उसकी कम से कम **पांच वर्षों** की मान्य और निरंतर सेवा होनी चाहिए<br><br>बशर्ते कि सैन्य कर्तव्यों पर उसकी अनुपस्थिति की किसी भी अवधि को अवर श्रेणी ग्रेड में सेवा की निर्धारित अवधि के लिए गिना जा सकता है।<br><br>बशर्ते कि यदि वह सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम के आधार पर रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में नियुक्त किया गया हो, तो ऐसी परीक्षा का परिणाम निर्णायक तिथि से कम से कम **पांच वर्ष** पहले घोषित होना चाहिए और उसकी उस ग्रेड में कम से कम **चार वर्षों** की मान्य और निरंतर सेवा होनी चाहिए।<br><br>**नोट:** सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से प्रतिनियुक्ति पर गैर-संवर्ग पदों पर नियुक्त |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अवर श्रेणी लिपिक, यदि अन्यथा पात्र हैं, तो परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। बशर्ते कि यह नियम उन अवर श्रेणी लिपिकों पर लागू नहीं होगा जिन्हें गैर-संवर्ग पद या अन्य सेवा में "स्थानांतरण" द्वारा नियुक्त किया गया है और जिनका सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में कोई आधिपत्य (लियन) नहीं है।<br><br>**(ख) टंकण परीक्षा:** जब तक उसे अवर श्रेणी ग्रेड में पुष्टिकरण के उद्देश्य से संघ लोक सेवा आयोग या सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल द्वारा आयोजित टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट नहीं मिल जाती, उसे परीक्षा की अधिसूचना की तारीख पर या उससे पहले यह परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए।<br><br>**(ग) आयु:- निर्णायक तिथि तक उनकी आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**<br><br>बशर्ते कि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाने वाली ऐसे श्रेणियों के व्यक्तियों के संबंध में, प्रत्येक श्रेणी हेतु अधिसूचित सीमा तक और शर्तों के अधीन रहते हुए, ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जा सकती है ।<br><br>**नोट:** आपातकाल के कारण सैन्य सेवा में शामिल होने वाले अवर श्रेणी लिपिकों की पात्रता के संबंध में विशेष प्रावधान: इस संबंध में रेल मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित विधि से उन अवर श्रेणी लिपिकों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जो आपातकाल के दौरान सैन्य सेवा में शामिल होने (या बुलाए जाने) के कारण परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सकते हैं। |
| 4 | | **जनवरी, 2025 का पहला दिन** | सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए पात्रता सेवा अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड में **पांच वर्ष** की नियमित सेवा होगी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण | **(01.01.2025)** | **नोट:** कनिष्ठ सचिवालय सहायक जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से गैर-संवर्ग पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं और वे जो सेवा के कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड में लियन पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हैं, तो परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। |
| 5 | केंद्रीय सतर्कता आयोग | **जनवरी, 2025 का पहला दिन (01.01.2025)** | कनिष्ठ सचिवालय सहायक जिसने वेतन मैट्रिक्स में निर्धारित स्तर पर **पांच वर्षों** की नियमित सेवा की हो। |
| 6 | भारत निर्वाचन आयोग | **जुलाई, 2025 का पहला दिन (01.07.2025)** | कनिष्ठ सचिवालय सहायक/ अवर श्रेणी लिपिक, जिसने इस पद पर कम से कम **तीन वर्ष** की नियमित सेवा पूरी कर ली हो, सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए पात्र है।<br><br>बशर्ते कि यदि उन्हें सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम के आधार पर ईसीआई सचिवालय सेवा में जेएसए के पद पर नियुक्त किया गया हो, तो ऐसी परीक्षाओं का परिणाम **निर्णायक तिथि से कम से कम तीन वर्ष** पहले घोषित किया गया हो और अभ्यर्थी ने इस पद पर कम से कम **दो वर्ष की मान्य और निरंतर सेवा** प्रदान की हो।<br><br>**नोट:** कनिष्ठ सचिवालय सहायक जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से गैर-संवर्ग पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं और वे जो सेवा के कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड में लियन पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हैं, तो परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | भारतीय वन सर्वेक्षण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | **जनवरी, 2025 का पहला दिन (01.01.2025)** | भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग में इस श्रेणी में **पांच वर्ष** की नियमित सेवा वाला अवर श्रेणी लिपिक।<br><br>**नोट:** कनिष्ठ सचिवालय सहायक जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से गैर-संवर्ग पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं और वे जो सेवा के कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड में लियन पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हैं, तो परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। |
| 8 | राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन | **जनवरी, 2025 का पहला दिन (01.01.2025)** | एनटीआरओ के कनिष्ठ सचिवालय सहायक/ अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड में कम से कम **पांच वर्ष** की नियमित सेवा की हो<br><br>**नोट:** कनिष्ठ सचिवालय सहायक जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से गैर-संवर्ग पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं और वे जो सेवा के कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड में लियन पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हैं, तो परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। |
| 9 | महानिदेशालय, रक्षा संपदा | **जनवरी, 2025 का पहला दिन (01.01.2025)** | हिंदी टंकक जिन्होंने **पांच वर्ष** की नियमित सेवा की हो<br><br>**(ग) आयु: निर्णायक तिथि तक उनकी आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।** |
| 10 | विकास आयुक्त का कार्यालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | **जनवरी, 2025 का पहला दिन (01.01.2025)** | सातवें वेतन आयोग के अनुसार स्तर-2 में एमएसएमई-डीओ के अवर श्रेणी लिपिक जिन्होंने इस श्रेणी में **पांच वर्ष** की नियमित सेवा की हो।<br><br>**नोट:** कनिष्ठ सचिवालय सहायक जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से गैर-संवर्ग पदों पर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रतिनियुक्ति पर हैं और वे जो सेवा के कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड में लियन पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हैं, तो परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। |

**31. आयु:-** जैसा कि ऊपर दी गई तालिका में निर्दिष्ट है, कुछ संवर्ग/ संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों ने इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आयु मानदंड निर्धारित किए हैं । अभ्यर्थी की आयु उनके संबंधित संवर्ग/ संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा निर्धारित आयु से अधिक नहीं होनी चाहिए, जो उनके कैडर के लिए निर्णायक तिथि पर लागू होगी। ऊपरी आयु सीमा में अनुमत छूट निम्नानुसार है:

| **कोड सं.** | **श्रेणी** | **ऊपरी आयु सीमा के अतिरिक्त आयु में अनुमत्य छूट** |
|---|---|---|
| 01. | अजा/अजजा | 05 वर्ष |
| 08. | किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा किसी उपद्रवग्रस्त इलाके में फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए रक्षा कार्मिक | 03 वर्ष |
| 09. | किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा किसी उपद्रवग्रस्त इलाके में फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए रक्षा कार्मिक (अजा/अजजा) | 08 वर्ष |

आयु छूट का दावा करने के प्रयोजनों के लिए, दिव्यांग रक्षा सेवा कार्मिक **(अनुबंध-IX)** के दावे के समर्थन में, महानिदेशक, पुनर्वास, रक्षा मंत्रालय से एक प्रमाण पत्र दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

**32.** अनुसूचित जाति (अ.जा.), अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) अभ्यर्थियों और बेंचमार्क दिव्यांगजनों (बे.दि.) के लिए आरक्षण, जहां भी लागू और स्वीकार्य है, मौजूदा सरकारी आदेशों के अनुसार संबंधित सेवा/ संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित और सूचित किया जाएगा ।

**33.** यदि निर्धारित आधार पर बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या बेंचमार्क दिव्यांगजन अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं तो उनके लिए आरक्षित सभी रिक्तियों (विभागीय परीक्षा/सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा आदि के माध्यम से पदोन्नति के मामले में) को भरने के लिए मानक में छूट के आधार पर इन श्रेणियों के अभ्यर्थियों का चयन किया जा सकता है। बेंचमार्क दिव्यांगता वाले सभी बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए समान शिथिल मानक लागू किया जाएगा, भले ही वे अनारक्षित/ अ.जा. / अ.ज.जा. श्रेणी से संबंधित हों। किसी भी श्रेणी के किसी भी अभ्यर्थी के पक्ष में मानकों में किसी और छूट पर विचार या स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**34**. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या बेंचमार्क दिव्यांगजन से संबंधित अभ्यर्थी जिन्हें आयोग द्वारा ऊपर उल्लिखित शिथिल मानक का सहारा लिए बिना अनुशंसित किया गया है, उन्हें अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / बेंचमार्क दिव्यांगजन के लिए आरक्षित रिक्तियों के विरुद्ध समायोजित नहीं किया जाएगा। .

**35.** ऐसा अभ्यर्थी जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने के बाद या उसमें उपस्थित होने के बाद, अपनी नियुक्ति से इस्तीफा दे देता है या अन्यथा सेवा छोड़ देता है या उससे अपना संबंध तोड़ देता है या जिसकी सेवाएं उसके विभाग द्वारा समाप्त कर दी जाती है या जो 'स्थानांतरण' पर किसी संवर्ग वाह्य पद पर या किसी अन्य सेवा में नियुक्त हो जाता है और कनिष्ठ सचिवालय सहायक / अवर श्रेणी लिपिक में धारणाधिकार (लियन) नहीं रखता है, वह इस परीक्षा के परिणाम पर अपनी संबंधित सेवाओं / संवर्गों में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। तथापि, यह उस व्यक्ति पर लागू नहीं होता है जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है।

**36. प्रलिपिक/ तकनीक/ सहायक डिवाइस की सहायता और प्रतिपूरक समय का प्रावधान :**

क. प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात और नेत्रहीनता की श्रेणी में बेंचमार्क दिव्यांगताओं वाले व्यक्तियों के मामले में, प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की सहायता उपलब्ध की जाएगी, जोकि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय, संबंधित दिव्यांगता प्रमाणपत्र (**अनुबंध-VII/ अनुबंध-VIII)** अपलोड करने पर तथा दिव्यांगता इन श्रेणियों के लिए उपयुक्त पदों की पहचान होने पर, आयोग को अनुरोध करने के अध्यधीन होगी।

ख. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले शेष श्रेणियों के व्यक्तियों के मामले में, सरकारी स्वास्थ्य देखरेख संस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सिविल सर्जन / चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अनुबंध -II में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर पर प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की सुविधा प्रदान की जाएगी कि संबंधित व्यक्ति की लिखने से संबंधित शारीरिक सीमाएं हैं और उसकी ओर से परीक्षा में लिखने के लिए प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की अत्यावश्यक है। साथ ही, **आवेदन पत्र भरते समय** आवश्यक प्रमाणपत्र (**अनुबंध-II/ अनुबंध-VII/ अनुबंध-VIII के अनुसार दिव्यांगता प्रमाणपत्र) अपलोड करना अनिवार्य है ।** अभ्यर्थियों द्वारा **अनुबंध-II/ दिव्यांगता प्रमाणपत्र** प्रस्तुत किए गए **दिव्यांगजन** / **दिव्यांगता प्रमाणपत्र** की प्रामाणिकता का सत्यापन आयोग द्वारा किसी भी समय किया जा सकता है।

ग. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 29-6/2019-डीडी-III दिनांक 10.08.2022 के अनुसार, 40% से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में अक्षम दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की सहायता भी प्रदान की जाएगी। यह सुविधा **अनुबंध-III** में दिए गए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, **आवेदन पत्र भरते समय आवश्यक प्रमाण पत्र (अनुबंध-III/ अनुबंध-VII/ अनुबंध-VIII के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र) अपलोड करना अपेक्षित है। अनुबंध-III/दिव्यांगता प्रमाणपत्र** के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत दिव्यांगजन प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता का सत्यापन आयोग द्वारा किसी भी समय किया जा सकता है।

घ. बेंचमार्क दिव्यांगजन/ दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की सुविधा केवल तभी प्रदान की जाएगी जब उन्होने ऑनलाईन आवेदनपत्र में इस विकल्प का चयन किया हो।

ङ. **उपर्युक्त पैरा 36 (क), 36 (ख) एवं 36 (ग)** के अनुसार प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की सुविधा के लिए पात्र व्यक्तियों को परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट का अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया जाएगा।

च. **उपर्युक्त पैरा 36 (क), 36 (ख) एवं 36 (ग)** से संबंधित अभ्यर्थी, जो प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की सुविधा लेने के पात्र हैं, परंतु इस सुविधा का लाभ नहीं उठा रहे हैं, उन्हें भी परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट का अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया जाएगा।

छ. बेंचमार्क दिव्यांग / दिव्यांग अभ्यर्थी, जिन्होंने प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस की सुविधा और/ अथवा अतिरिक्त समय का लाभ लिया है, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के प्रलिपिक / तकनीक/ सहायक डिवाइस और प्रतिपूरक समय की पात्रता के लिए संगत दस्तावेज अवश्य प्रस्तुत करने होंगे। ऐसे सहायक दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा।

**37. <u>परीक्षा की योजना:</u>** परीक्षा निम्नलिखित पाठ्यक्रम और योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी:

**<u>भाग- I: कंप्यूटर आधारित परीक्षा और लिखित परीक्षा (300 अंक)</u>**

<table>
<tr><th>विषय</th><th>पेपर</th><th>प्रश्नों की संख्या</th><th>अधिकतम अंक</th><th>समय अवधि</th></tr>
<tr><td>(क) सामान्य जानकारी</td><td rowspan="2">I</td><td>100</td><td rowspan="2">200</td><td rowspan="2">2 घंटे<br>(प्रलिपिक* के लिए पात्र अभ्यर्थियों के लिए 2 घंटे 40 मिनट)</td></tr>
<tr><td>(ख) अंग्रेजी भाषा और बोधगम्यता</td><td>100</td></tr>
<tr><td>(ग) टिप्पण, प्रारूपण एवं कार्यालय प्रक्रिया<br><br>(पारंपरिक प्रकार)</td><td>II</td><td>--</td><td>100</td><td>2 घंटे<br>(प्रलिपिक* के लिए पात्र अभ्यर्थियों के लिए 2 घंटे 40 मिनट)</td></tr>
</table>

*** उपर्युक्त पैरा 36 (क), 36 (ख) एवं 36 (ग) के अनुसार।**

(i) भाग-I में दो पेपर होते हैं; अर्थात पेपर-I- कंप्यूटर आधारित परीक्षा (200 अंक) और पेपर-II-लिखित परीक्षा (100 अंक)। पेपर-I में केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जबकि पेपर-II वर्णनात्मक प्रकार का होगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा अर्थात पेपर-I में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक का नकारात्मक अंकन होगा।

(ii) अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में चयनित भाषा (हिंदी/अंग्रेजी) में ही परीक्षा देनी होगी। दृष्टि दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए ब्रेल लिपि के प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं होगा।

(iii) कंप्यूटर आधारित परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजियां परीक्षा के बाद आयोग की वेबसाइट पर डाल दी जाएगी। अभ्यर्थी उत्तर कुंजी देख सकते हैं और अभ्यावेदन, यदि कोई है, तो 50/- प्रति प्रश्न का भुगतान कर, जोकि अप्रतिदेय है, आयोग द्वारा दी गई समय सीमा के भीतर, ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदन; अर्थात, पत्र, आवेदन, ईमेल आदि पर विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजियों को अंतिम रूप देने से पहले उत्तर कुंजियों के संबंध में अभ्यावेदन की जांच की जाएगी और इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजियां परिणाम की घोषणा के बाद जारी की जाएंगी।

(iv) चुनौती/आपत्ति/अभ्यावेदन प्रबंधन प्रणाली के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 10.04.2026 की विज्ञप्ति के माध्यम से प्रकाशित किए गए हैं। अभ्यर्थी कृपया इन्हें पढ़ें, क्योंकि चुनौती/आपत्ति/ अभ्यावेदन प्रबंधन इन्हीं दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

(v) परीक्षा के किसी भी चरण/ पेपर में अंकों के पुनर्मूल्यांकन/पुनः जांच का कोई प्रावधान नहीं होगा। इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) परीक्षा विज्ञप्ति में दर्शाया गया परीक्षा का कार्यक्रम संभावित है। परीक्षा कार्यक्रम में किसी भी बदलाव की सूचना अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएगी।

**भाग-II सेवा के अभिलेख का मूल्यांकन (100 अंक):**

(i) सेवा अभिलेख (एपीएआर) के मूल्यांकन के लिए 100 अंक निर्धारित हैं। अभ्यर्थी का रैंक सुनिश्चित करने के लिए भाग- II में प्राप्त अंक जोड़े जाएंगे।

(ii) एक बार एपीएआर का मूल्यांकन हो जाने के बाद, किसी भी परिस्थिति में आयोग द्वारा अगली तारीख पर एपीएआर ग्रेडिंग आदि में बदलाव के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**38. परीक्षा का पाठ्यक्रम और मानक**: परीक्षा का पाठ्यक्रम निम्नलिखित होगा:

**पेपर-I**

(क)**सामान्य जानकारी:** अभ्यर्थी के आसपास के परिवेश की सामान्य जानकारी और समाज में उनके अनुप्रयोग की जांच करने के लिए प्रश्न तैयार किए जाएंगे । सामयिक घटनाओं और दिन प्रतिदिन के अवलोकन के ऐसे मामलों के ज्ञान एवं उनके वैज्ञानिक पहलू संबंधी अनुभव की जांच करने हेतु भी प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसकी जानकारी की अपेक्षा किसी शिक्षित व्यक्ति से की जा सकती है। इस परीक्षा में भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेषकर इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य राज्य-व्यवस्था और वैज्ञानिक अनुसंधान से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे ।

(ख)**अंग्रेजी भाषा एवं बोधगम्यता:** अंग्रेजी भाषा की समझ एवं ज्ञान, शब्दावली, वर्तनी, व्याकरण, वाक्य संरचना, समानार्थक शब्द, विलोमार्थक शब्द, वाक्य पूर्ण करना, वाक्यांशों और मुहावरों के उपयोग का परीक्षण करने के लिए प्रश्न तैयार किए जाएंगे। अवतरण (पैसेज़) की समझ पर भी प्रश्न पूछे जाएंगे। । प्रश्न मैट्रिक स्तर के होंगे।

**पेपर-II**

**टिप्पण, प्रारूपण और कार्यालय प्रक्रिया:** टिप्पण, प्रारूपण और कार्यालय प्रक्रिया पर प्रश्नपत्र, सचिवालय और संबद्ध कार्यालयों में कार्यालय प्रक्रिया के बारे में अभ्यर्थियों के ज्ञान, सामान्य रूप से टिप्पणी और प्रारूप लिखने समझने का परीक्षण करने के लिए तैयार किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को कार्यालय प्रक्रिया नियमावली/ रेल मंत्रालय द्वारा जारी कार्यालय प्रक्रिया नियमावली, लोकसभा और राज्य सभा में प्रक्रिया नियमावली और कार्य संचालन के नियम, संघ के आधिकारिक उद्देश्य के लिए हिंदी के उपयोग से संबंधित गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आदेशों की विवरण पुस्तिका और सेवाओं में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण नीति, और समय-समय पर सरकार द्वारा जारी आदेशों का अध्ययन करने की आवश्यकता है।

**39. चयन की प्रक्रिया:**

i. आयोग अपने विवेकानुसार भाग-I के पेपर-I (अर्थात सीबीई) और पेपर-II (अर्थात वर्णनात्मक) के लिए न्यूनतम अर्हता अंक अलग-अलग निर्धारित कर सकता है।

ii. भाग-I के पेपर-I (अर्थात सीबीई) में प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को भाग-I के पेपर-II (अर्थात वर्णनात्मक) के मूल्यांकन हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। जो अभ्यर्थी भाग-I के पेपर-I (अर्थात सीबीई) में उत्तीर्ण नहीं होंगे, वे भाग-I के पेपर-II (अर्थात वर्णनात्मक) के हेतु पात्र नहीं होंगे और आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

iii. भाग-I के पेपर-I और पेपर-II में समग्र प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को सेवा रिकॉर्ड के मूल्यांकन, अर्थात् भाग-II हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। जो अभ्यर्थी भाग-I के पेपर-I + पेपर-II में उत्तीर्ण नहीं होंगे, वे सेवा रिकॉर्ड के मूल्यांकन, अर्थात् भाग-II के लिए योग्य नहीं होंगे और आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv. अंतिम चयन, भाग-I के पेपर-I (अर्थात सीबीई) तथा पेपर-II (अर्थात वर्णनात्मक) और भाग-II (एपीएआर मूल्यांकन) में अभ्यर्थियों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

v. परीक्षा के बाद, अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के नाम, भाग लेने वाले संवर्गों/सेवाओं के लिए, अलग-अलग सूचियों में, योग्यता के क्रम में, प्रत्येक अभ्यर्थी को अंतिम रूप से दिए गए कुल अंकों के साथ, आयोग द्वारा व्यवस्थित किए जाएंगे ताकि आयोग द्वारा परीक्षा में अर्हक पाए जाने वाले अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या तक परीक्षा के नोटिस के पैरा 01 में सूचीबद्ध मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक की चयन सूची में शामिल करने की सिफारिश की जा सके।

vi. बशर्ते कि आयोग द्वारा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों को अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या की सीमा तक मानकों में छूट देकर सिफारिश की जा सकेगी बशर्ते कि ये अभ्यर्थी सेवा में चयन के लिए उपयुक्त हों।

vii. बशर्ते कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों की आयोग द्वारा इस उपनियम में उल्लिखित मानकों में छूट दिए बिना ही सिफारिश की गई है, उन्हें अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों में समायोजित नहीं किया जाएगा।

viii. विभिन्न सेवाओं/संवर्गों में वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक का चयन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण के अध्यधीन, योग्यता के क्रम में, संबंधित सेवा/संवर्ग द्वारा सूचित रिक्तियों की संख्या के अनुसार, उपलब्ध रिक्तियों की सीमा तक किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों की सिफारिश नहीं की गई है उनके अंक कट-ऑफ अंक से कम हैं; अर्थात, वे मेरिट सूची में जगह नहीं बना पाए हैं और परीक्षा में अर्हता प्राप्त नहीं कर पाए हैं।

ix. अभ्यर्थियों को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगी परीक्षा है न कि अर्हक परीक्षा। इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर परीक्षा विज्ञप्ति के पैरा 01 में सूचीबद्ध मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के वरिष्ठ सचिवालय सहायक/ प्रवर श्रेणी लिपिक की चयन सूची में कितने अभ्यर्थियों के नाम शामिल किए जाएं, यह तय करने के लिए सरकार पूरी तरह सक्षम है। इसलिए कोई भी अभ्यर्थी अधिकार के तौर पर इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर चयन सूची में शामिल किये जाने का कोई दावा नहीं करेगा।

x. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाने से चयन का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि संवर्ग प्राधिकारी यथा आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि सेवा में उसके आचरण को देखते हुए अभ्यर्थी हर प्रकार से चयन के लिए उपयुक्त है।

**40. बराबरी (टाई) के मामलों का समाधान:**

ऐसे मामलों में जहां एक से अधिक अभ्यर्थी समान कुल अंक प्राप्त करते हैं, बराबरी का समाधान होने तक दिए गए क्रम में निम्नलिखित तरीकों को एक के बाद एक लागू करके बराबरी का समाधान किया जाएगा।

(i) पेपर- II मे प्राप्त अंक

(ii) पेपर- I के भाग (ख) मे प्राप्त अंक

(iii) जन्म तिथि, अधिक आयु के अभ्यर्थी को पहले लिया जाएगा

(iv) वर्णानुक्रम, जिसमें अभ्यर्थियों के नाम हैं।

**41. कदाचार के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई:**

i. आयोग परीक्षा प्रक्रिया की अखंडता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत रूप से परीक्षा-पश्चात विश्लेषण करता है। इसमें लॉग विश्लेषण, फोटो और बायोमेट्रिक सत्यापन और सीसीटीवी फुटेज समीक्षा के माध्यम से विस्तृत जांच करना भी शामिल है। परीक्षा के किसी भी चरण के दौरान किसी भी प्रकार के कदाचार या अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों पर आयोग की नीति के अनुसार सख्त कार्रवाई की जा सकती है जिसमें अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द करना और उसे भविष्य की परीक्षाओं से वारित करना शामिल है।

ii. यदि अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान या उसके पश्चात निम्नलिखित सूचीबद्ध कदाचारों में से किसी में भी संलिप्त पाए जाते हैं, तो इस परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और इसके अतिरिक्त प्रवृत्त कानून के अनुसार कार्यवाही की जाएगी, आयोग की परीक्षाओं से उन्हें निम्नलिखित अवधि के लिए वारित कर दिया जाएगा:

| क्र.सं. | कदाचार का प्रकार | वारित अवधि |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा भवन से परीक्षा संबंधी सामग्री, जैसे- रफ शीट, प्रवेश पत्र की आयोग की प्रति लेकर बाहर जाना या परीक्षा के आयोजन के दौरान इन्हें किसी अनधिकृत व्यक्ति को देना। | 01-02 वर्ष |
| 2 | निर्धारित प्रक्रिया पूरी किए बिना परीक्षा स्थल को छोड़ना। | 01 वर्ष |
| 3 | परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों अर्थात पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड अथवा आयोग के किसी प्रतिनिधि आदि के साथ दुर्व्यवहार करना, उन्हें भयभीत करना या डराना-धमकाना। | 02-03 वर्ष |
| 4 | परीक्षा के आयोजन में बाधा पहुंचाना / अन्य अभ्यर्थियों को परीक्षा न देने के लिए उकसाना। | 03 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | जानबूझकर गलत अथवा झूठे वक्तव्य देना/ महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाना/जाली दस्तावेज प्रस्तुत करना। | 01-03 वर्ष |
| 6 | अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लेना। | 03 वर्ष |
| 7 | परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, वायरलेस उपकरण, स्पाई कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अपने पास रखना। । | 03-05 वर्ष |
| 8 | नियमों का उल्लंघन करके एक ही परीक्षा में एक से अधिक बार बैठना/प्रयास करना। | 02-05 वर्ष |
| 9 | कोई अभ्यर्थी जो उसी परीक्षा में परीक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत हो। | 03 वर्ष |
| 10 | जानबूझकर परीक्षा से संबंधित अवसंरचना/उपकरणों को नुकसान पहुंचाना। | 01-03 वर्ष |
| 11 | जाली प्रवेश-पत्र, पहचान-पत्र से परीक्षा देना। | 05 वर्ष |
| 12 | परीक्षा के दौरान आग्नेय शस्त्रों/हथियारों को रखना अथवा आग्नेय शस्त्रों /हथियारों से परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों को डराना/धमकाना या परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों जैसे- पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड अथवा आयोग के किसी प्रतिनिधि आदि पर हमला करना, उन पर बल प्रयोग करना, किसी भी तरीके से उन्हें शारीरिक हानि पहुंचाना। | 07 वर्ष |
| 13 | परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, जैसे-कागज या शारीरिक अंगों पर लिखित सामग्री जैसे अनधिकृत स्त्रोतों से नकल करना। | 07 वर्ष |
| 14 | छद्मवेषन/किसी अन्य व्यक्ति से प्रतिरूपण में कार्यसाधन कराना। | 07 वर्ष |
| 15 | प्रश्नपत्रों या परीक्षा सामग्री, लैब आदि का स्नैपशॉट लेना, वीडियो बनाना आदि। | 07 वर्ष |
| 16 | रिमोट डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर/एप/लेन/वैन इत्यादि के माध्यम से परीक्षा टर्मिनल को साझा करना। | 07 वर्ष |
| 17 | परीक्षा से पहले, उसके दौरान या उसके बाद किसी भी समय परीक्षा सर्वरों, डाटा या परीक्षा प्रणाली को हैक करने या जोड़-तोड़ करने की कोशिश करना। | 07 वर्ष |
| 18 | अभ्यर्थी जिसका एक ही परीक्षा में प्रलिपिक के रूप में बैठना अथवा प्रलिपिक के बारे में गलत जानकारी घोषित करना। | 03-05 वर्ष |
| 18 क | अभ्यर्थी/ प्रलिपिक का एक ही परीक्षा में 'स्वयं के प्रलिपिक' के रूप में एक से अधिक बार बैठना। | 03 वर्ष |
| 18 ख | अभ्यर्थी द्वारा ऐसे प्रलिपिक की सेवाएं लेना, जिसे भर्ती प्रक्रिया से वारित कर दिया गया हो। | 03 वर्ष |
| 19 | परीक्षा के दौरान, किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि प्रलिपिक स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर दे रहा है या अभ्यर्थी को किसी प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष तरीके से उत्तर देने के लिए प्रेरित कर रहा है। | 07 वर्ष |
| 20 | अभ्यर्थी द्वारा विभिन्न भर्तियों में अलग पिता का नाम, जन्मतिथि आदि के साथ आवेदन करना अथवा इसके विपरीत। | 01-05 वर्ष |
| 21 | प्रतिरूपणकर्ता (कर्मचारी चयन आयोग के रिकार्ड के अनुसार) अभ्यर्थी के लिए लेखक के रूप में उपस्थित होना। | 07 वर्ष |
| 22 | कर्मचारी चयन आयोग की एक ही परीक्षा में एक से अधिक अभ्यर्थियों के लिए प्रलिपिक के रूप में उपस्थित होना अथवा ऐसे प्रलिपिक को नियुक्त करने वाला अभ्यर्थी। | 05-07 वर्ष |

**नोट :- ऊपर उल्लिखित कदाचारों की सूची केवल उदाहरण के तौर पर दी गई है तथा यह परिपूर्ण नहीं है। आयोग किसी भी अभ्यर्थी विरूद्ध कार्रवाई करने का अधिकार रखता है यदि अभ्यर्थी किसी ऐसे आचरण में लिप्त पाया जाता है जिसे आयोग द्वारा 'कदाचार' माना गया है।**

iii. उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य को करने का प्रयास किया हो या यथा-स्थिति ऐसा करने के लिए उकसाया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासिक्यूशन) चलाया जा सकता है और इसके साथ ही उसे:-

(I) आयोग द्वारा उस परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, जिसका वह अभ्यर्थी है अथवा

(II) उसे या तो स्थायी रुप से या एक विशेष अवधि के लिए वारित किया जा सकता है:

(क) आयोग द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा या उनके किसी चयन से,
(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से और
(ग) उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक और कोई अन्य उपयुक्त कानूनी कार्यवाही।

iv. आयोग उचित लगने पर मामले को पुलिस /जांच एजेंसी को भी रिपोर्ट कर सकता है और आयोग संबंधित अधिकारियों / फोरेंसिक विशेषज्ञ से मामले की जांच कराने के लिये यथोचित कार्रवाई भी कर सकता है।

v. अभ्यर्थी द्वारा यदि किसी भी प्रकार से अपनी अभ्यर्थिता के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश की जाती है तो उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।

**42.** आवेदन पत्र भरने/जमा करने और कंप्यूटर आधारित परीक्षा से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी निम्नलिखित हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं:

i. हेल्प डेस्क (एसएससी-मुख्यालय) 1800 309 3063 (टोल फ्री)
ii. एसएससी (उत्तरी क्षेत्र), नई दिल्ली 011-24363343

**43. आयोग का निर्णय अंतिम:** पात्रता,आवेदनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने, मिथ्या जानकारी के लिए शास्ति, चयन के तरीके, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केन्द्रों के आबंटन, मेरिट सूची और संगठनों के आबंटन, कदाचार में संलिप्त होने पर वारित करने से संबंधित सभी मामलों में आयोग का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा एवं इस संबंध में कोई पूछ-ताछ/ पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

**44. न्यायालय का क्षेत्राधिकार :** इस भर्ती से संबंधित कोई विवाद उस न्यायालय / न्यायाधिकरण के अधीन होगा जिसके न्याय क्षेत्र में कर्मचारी चयन आयोग का वह संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है, जहां अभ्यर्थी ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा (परीक्षाएं) दी है।

**अनुबंध-II**

## परीक्षार्थी की लिखने संबधी शारीरिक सीमाओं के संबंध में प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने श्री/सुश्री/श्रीमती .................................(दिव्यांग अभ्यर्थी का नाम), सुपुत्र/सुपुत्री ................................................, ग्राम/जिला/राज्य .................................... के निवासी हैं, जोकि .................................(दिव्यांगता प्रमाणपत्र में यथा - उल्लिखित दिव्यांगता का स्वरूप और उसकी प्रतिशतता) से पीड़ित हैं, की जांच की है और उल्लेख करता हूं कि दिव्यांगता के कारण उनकी शारीरिक सीमाएं उनकी लेखन क्षमताओं को प्रभावित करती हैं।

हस्ताक्षर
सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक
नाम व पदनाम
सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य संस्थान का नाम एवं मुहर

स्थान:
तारीख:

**टिप्पणी**: संबंधित विषय/दिव्यांगता (अर्थात दृष्टि दिव्यांगता- नेत्र विशेषज्ञ, गति विषयक दिव्यांगता- अस्थि रोग विशेषज्ञ/पीएमआर) के विशेषज्ञ द्वारा ही प्रमाण-पत्र दिया जाना चाहिए।

**<u>अनुबंध-III</u>**

**दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत कवर किए गए विशिष्ट दिव्यांगता से संबंधित व्यक्ति, परन्तु जो उक्त अधिनियम की धारा 2 (आर) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किया गया है, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता और जिसे लिखने में कठिनाई हो, के लिए प्रमाणपत्र**

